न्यायालय कलेक्टर, जिला रतलाम (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक /अ–20(3)/2017

आदेश

(पारित दिनांक /01/2018)

कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन संभाग, रतलाम द्वारा पत्र क्रमांक 5639/कार्य/वनभूमि /2017, दिनांक 30.11.2017 के द्वारा नवीन प्रस्तावित स्वीकृति प्राप्त सिंचाई तालाब ग्राम उमरन तहसील रतलाम की डूब प्रभावित वन भूमि का रकबा 8.933 हेक्टर एवं सिंचाई तालाब गढावदिया तहसील रावटी की डुब प्रभावित वन भूमि रकबा 12.77 हेक्टर के स्थान पर ग्राम बिबडोद तहसील रतलाम कि शासकिय भूमि सर्वे कमांक 881 रकबा 88–950 हेक्टर नोईयत बरडी मेसे 21–703 हैक्टर वन विभाग द्वारा उपयोगी बताये जाने उक्त भूमि वन विभाग को हस्तातंरित किये जाने का अनुरोध किया ।

2/– इस संबध मे तहसीलदार रतलाम द्वारा जांच के क्रम मे विज्ञप्ति जारी की गई तथा संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार, रतलाम द्वारा अपने जॉच प्रतिवेदन दिनांक 12.01.2018 द्वारा उल्लेख किया गया कि सिंचाई तालाब ग्राम उमरन तहसील रतलाम की डूब प्रभावित वन भूमि का रकबा 8.933 हेक्टर एवं सिंचाई तालाब गढावदिया तहसील रावटी की डुब प्रभावित वन भूमि रकबा 12.77 हेक्टर के स्थान पर ग्राम बिबडोद तहसील रतलाम कि शासकिय भूमि सर्वे कमांक 881 रकबा 88–950 हैक्टर नोईयत बरडी मेसे 21–703 हेक्टर वन विभाग द्वारा उपयोगी बताये जाने से उक्त भूमि वन विभाग को हस्तातंरित किये जाना प्रतिवेदित कर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी, रतलाम ग्रामीण को भिजवाया गया। अनुविभागीय अधिकारी, रतलाम ग्रामीणा द्वारा तहसीलदार, रतलाम ग्रामीण के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए प्रकरण मय अनुशंसा के इस न्यायालय को प्रेषित किया गया।

अतः कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन संभाग, रतलाम के अनुरोध एवं अधीनस्थ के जॉच प्रतिवेदन तथा की गई अनुशंसा के आधार पर ग्राम बिबडोद तहसील रतलाम कि शासकिय भूमि सर्वे कमांक 881 रकबा 88–950 हेक्टर नोईयत बरडी मेसे 21–703 हेक्टर भूमि नक्शे में दर्शाए अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड–चार–2 की कंडिका 05 के तहत हस्तातंरित की जाती है।

कलेक्टर कलेक्टर
जिला रतलाम रतलाम

पृ.कमांक 360 /रीडर/2018 रतलाम दिनांक 3 /02/2018

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य वन संरक्षक भू–प्रबंधन वन विभाग, म.प्र. शासन भोपाल।
2. वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन।
3. आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

4. वनमण्डलाधिकारी, रतलाम।
5. वन परिक्षेत्राधिकारी, वनपरिक्षेत्र रतलाम
6. कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन विभाग, जिला देवास।
7. अनुविभागीय अधिकारी रतलाम ग्रामीण
8. तहसीलदार तहसील रतलाम/रावटी

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कलेक्टर कलेक्टर
जिला रतलाम रतलाम